# झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो

## विज्ञापन संख्या– 01/2023

## बोकारो जिला के गृह रक्षक के रुप में नामांकन के लिए विज्ञापन।

1. बोकारो जिला के गृह रक्षक के रुप में नामांकन के लिए रिक्तियों के विरुद्ध सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑन–लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ग्रामीण गृह रक्षक तथा शहरी गृह रक्षक के लिए ऑन–लाईन आवेदन विहित प्रपत्र में अलग–अलग **जमा करेंगे।**

**नोटः–**गृह रक्षा वाहिनी एक स्वयंसेवी संगठन है तथा गृह रक्षक उसके स्वयंसेवी सदस्य होते है। जितने दिन आवश्यकतानुसार उन्हें कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त किया जाता है उतने कार्य दिवस के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भत्ता भुगतान देय होता है। यह कोई वैतनिक सरकारी नौकरी या आजीविका का माध्यम नहीं है। अतः उन्हीं उम्मीदवारों से आवेदन की अपेक्षा की जाती है, जो राष्ट्र की सेवा निःस्वार्थ करने के लिए तैयार हों ।

2. गृह रक्षक के रुप में नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्ति निम्नवत है, जो घट या बढ़ सकती है।

(क) <u>ग्रामीण /शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्तिः–</u>

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | पुरुष/महिला रिक्ति | | | षारीरिक जाँच परीक्षा एवं लिखित परीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला | रिक्ति | |
| 1 | चास | 10 | 9 | 19 | 30.6.2023 |
| 2 | चन्दनकियारी | 15 | 14 | 29 | 01.07.2023 |
| 3 | कसमार | 19 | 18 | 37 | 02.07.2023 |
| 4 | पेटरवार | 8 | 8 | 16 | 03.07.2023 |
| 5 | गोमिया | 19 | 18 | 37 | 04.07.2023 |
| 6 | जरीडीह | 14 | 14 | 28 | 05.07.2023 |
| 7 | नावाडीह | 20 | 19 | 39 | 06.07.023 |
| 8 | बेरमो | 39 | 38 | 77 | 07.07.2023 |
| 9 | चन्द्रपुरा | 19 | 19 | 38 | 08.07.2023 |
| 10 | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत बोकारो स्टील सिटी/चास वार्ड शहरी क्षेत्र /फुसरो वार्ड शहरी क्षेत्र | 117 | 116 | 233 | – |
| | (क) शहरी पुरुष | – | – | – | 09.7.2023 |
| | (ख) शहरी महिला | – | – | – | 10.07.2023 |
| | कुल रिक्ति | 280 | 273 | 553 | – |

jactimes.com

**नोट :–** 1. मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम, सेक्टर–4 में शारीरिक एवं लिखित जाँच परीक्षा का कार्यक्रम दिनांक–30.06.2023 से 10.07.2023 तक सम्पन्न होगी।

2. तकनीकी जाँच परीक्षा दिनांक–13.07.2023 से 15.07.2023 तक आयोजित की जायेगी।

उपरोक्त दोनो कोटि (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक) के लिए नामांकन में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए कर्णांकित होंगे।

महिलाओं के लिए कर्णांकित पदों में से 5 प्रतिशत पद अर्हता प्राप्त तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं रहने के स्थिति में उक्त 5 प्रतिशत पद पुनः महिलाओं के लिए कर्णांकित प्रतिशत में समाहित हो जायेगा ।

शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्ति में 50 प्रतिशत पद तकनीकी दक्ष उम्मीदवारों के लिए होगा। योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर गैर तकनीकी/तकनीकी दक्ष की रिक्ति एक दूसरे से भरी जायेगी।

**3. आवेदन कैसे करेः–** आवेदक द्वारा ऑन–लाईन आवेदन दिनांक– 29.05.2023 से दिनांक–12.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक वेबसाईट Recruitment.jharkhand.gov.in पर किया जायेगा। आवेदन शुल्क की राशि 100/– (एक सौ ) निर्धारित वेबसाईट पर ONLINE PAYMENT GATEWAY के माध्यम से आवेदन पत्र ऑन लाईन जमा करते समय ही जमा करना है। आवेदन शुल्क जमा होने के उपरान्त ही अंतिम रूप से आवेदन समर्पित होगा।

| ह0/– | ह0/– | ह0/– |
|---|---|---|
| जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो। | पुलिस अधीक्षक, बोकारो। | उपायुक्त, बोकारो। |

PR.NO.297610 Home(23-24):D